This Question Paper consists of 51 questions and 16 printed pages + 2 Outline Map of India.
इस प्रश्न-पत्र में 51 प्रश्न तथा 16 मुद्रित पृष्ठ हैं + 2 भारत का रेखामानचित्र है।

Roll No. अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | |

Code No. कोड नं. **67/OS/1**

SET/सेट **A**

SOCIAL SCIENCE
सामाजिक विज्ञान
(213)

Day and Date of Examination :
(परीक्षा का दिन व दिनांक) _____

Signature of Invigilators :
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर) 1. _____

2. _____

General Instructions :

1. Answers of **all** questions are to be given in the Answer-Book given to you.
2. **15** minute time has been allotted to read this Question Paper. The question paper will be distributed at **02.15** p.m. From **02.15** p.m. to **02.30** p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
3. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
4. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
5. For the objective-type of questions, you have to choose **any one** of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
6. All the questions including objective-type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective-type questions.
7. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
8. Write your Question Paper Code No. **67/OS/1-A** on the Answer-Book.
9. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
2. इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
3. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
4. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
5. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
6. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
7. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
8. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं. **67/OS/1-A** लिखें।
9. (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी/हिंदी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

SOCIAL SCIENCE
सामाजिक विज्ञान
(213)

Time : 3 Hours] **[Maximum Marks : 100**

समय : 3 घण्टे] **[पूर्णांक : 100**

Note :

(i) This question paper consists of **51** questions in all.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) **Section - A** consists of

(a) **Q.No. 1 to 20 -** Multiple Choice Type Questions (MCQs) carrying **1** mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions. An internal choice has been provided in some of these questions. You have to do only **one** of the given choices in such questions.

(b) **Q.No. 21 to 35 -** Objective type questions carrying **two** marks each (with **2** sub parts of **1** mark each). Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions.

Section - B consists of

(c) **Q.No. 36 to 41 -** Very Short Answer type questions carrying **2** marks each to be answered in the range of **30 - 50** words. Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions.

(d) **Q.No. 42 to 47 -** Short Answer type questions carrying **3** marks each to be answered in the range of **50 - 80** words.

(e) **Q.No. 48 to 49 - Skill (Map) based questions** carrying **4** marks each. (Alternative questions are given in lieu of map based questions for visually impaired students.)

(f) **Q.No. 50 to 51 -** Long Answer type questions carrying **6** marks each to be answered in **80 - 120** words.

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र में **51** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) **सभी** प्रश्नों के अंक उनके साथ दिये गये हैं।

(iv) **खंड - अ** के प्रश्न

(a) **प्रश्न संख्या 1** से **20** तक - **1** अंक वाले बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। दिये गये चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनें तथा लिखें। कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन की सुविधा दी गयी है। आपको ऐसे दो विकल्पों में से केवल एक प्रश्न करना है।

(b) **प्रश्न संख्या 21** से **35** तक - **2** अंक वाले वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं (प्रत्येक **1** अंक के **2** उप-भागों के साथ)। इन प्रश्नों का उत्तर प्रश्नों के साथ दिये गये निर्देशों के अनुसार दीजिये।

खंड - ब के प्रश्न

(c) **प्रश्न संख्या 36** से **41** तक - **2** अंक वाले अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** से **50** शब्दों में दीजिये। इन प्रश्नों का उत्तर प्रश्नों के साथ दिये गये निर्देशों के अनुसार दें।

(d) **प्रश्न संख्या 42** से **47** तक - **3** अंक वाले लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **80** शब्दों में दें।

(e) **प्रश्न संख्या 48** से **49** तक - कौशल (मानचित्र) पर आधारित **4** अंक वाले प्रश्न हैं। (दृष्टिबाधित छात्रों हेतु मानचित्र पर आधारित प्रश्नों के स्थान पर वैकल्पिक प्रश्न दिये गये हैं।)

(f) **प्रश्न संख्या 50** से **51** तक - **6** अंक वाले दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** से **120** शब्दों में दें।

SECTION - A / खंड - अ

1. Europe witnessed profound changes in which of the following area during Renaissance ? 1

(A) Cultural sphere (B) Economic sphere
(C) Political sphere (D) Religious sphere

पुनर्जागरण काल में यूरोप ने निम्न में से किस क्षेत्र में गहन परिवर्तन देखे ?

(A) सांस्कृतिक क्षेत्र (B) आर्थिक क्षेत्र
(C) राजनीतिक क्षेत्र (D) धार्मिक क्षेत्र

OR / अथवा

Which one of the following period is associated with Renaissance in Europe ?

(A) Period of darkness (B) Period of scientific inquiry
(C) Period of ignorance (D) Period of irrationality

निम्नलिखित में से कौन-सा काल यूरोप के पुनर्जागरण से संबंधित है ?

(A) अन्धकार युग (B) वैज्ञानिक जाँच का युग
(C) अज्ञानता का काल (D) अतार्किकता का समय

2. Which of the following periods of British history is known as the period of Industrial Revolution ? 1

(A) 1450 - 1550 (B) 1550 - 1650 (C) 1650 - 1750 (D) 1750 - 1850

ब्रिटिश इतिहास में निम्नलिखित में से किस काल को औद्योगिक क्रांति के रूप में जाना जाता है ?

(A) 1450 - 1550 (B) 1550 - 1650 (C) 1650 - 1750 (D) 1750 - 1850

OR / अथवा

Which one of the following systems was developed in England during Industrial Revolution ?

(A) Factory System (B) Barter System
(C) Feudal System (D) Mansabdari System

इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति के दौरान निम्नलिखित में से किस प्रणाली का विकास हुआ ?

(A) कारखाना प्रणाली (B) वस्तु विनिमय प्रणाली
(C) सामंती व्यवस्था (D) मनसबदारी व्यवस्था

3. Who amongst the following is the author of the book 'Das Capital' ? 1

(A) Otto Van Bismarck (B) Kaiser William I
(C) Karl Marx (D) Count Cavour

निम्नलिखित में से 'दास कैपिटल' किताब का लेखक कौन है ?

(A) ऑटो वन बिस्मार्क (B) केसर विलियम प्रथम
(C) कार्ल मार्क्स (D) काउंट केवर

4. Which one of the following was the first international organisation set up in 1920 ? 1

(A) The Red Cross Society (B) The Amnesty International
(C) The United Nations Organisation (D) The League of Nations

निम्नलिखित में से कौन-सा 1920 में स्थापित पहला अंतर्राष्ट्रीय संगठन था ?

(A) रेड क्रास सोसाईटी (B) अमनेस्टी इंटरनेशनल
(C) संयुक्त राष्ट्र संघ (D) लीग ऑफ नेशंस

5. Who amongst the following was the leader of Mysore in the Anglo-Mysore war ? 1

(A) Peshwa Baji Rau (B) Tipu Sultan

(C) Muhammad Bin Tughlaq (D) Nawab Wajid Ali Shah

आंग्ल-मैसूर युद्ध में निम्नलिखित में से किसने मैसूर का नेतृत्व किया ?

(A) पेशवा बाजी रॉव (B) टीपू सुल्तान

(C) मोहम्मद बिन तुगलक (D) नवाब वाजिद अली शाह

OR / अथवा

Who amongst the following British official introduced Permanent Settlement in Bengal and Bihar in 1793 ?

(A) Wellsley (B) Cornwallis (C) Dalhousie (D) Mountbatten

1793 में निम्नलिखित में से किस अंग्रेज अफसर ने बंगाल और बिहार में स्थायी बंदोबस्त लागू किया ?

(A) वेल्सली (B) कॉर्नवालिस (C) डलहौज़ी (D) माउंटबैटन

6. Which one of the following Movements started in 1920 in India ? 1

(A) Civil Disobedience Movement (B) Quit India Movement

(C) Non-Cooperation Movement (D) Civil Rights Movement

1920 में भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा आन्दोलन शुरू हुआ ?

(A) सविनय अवज्ञा आंदोलन (B) भारत छोड़ो आंदोलन

(C) असहयोग आंदोलन (D) नागरिक अधिकार आंदोलन

7. Generally on which of the following height Upper air currents or Jet streams blow ? 1

(A) 6,000 meters above the sea level (B) 8,000 meters above the sea level

(C) 10,000 meters above the sea level (D) 12,000 meters above the sea level

जेट स्ट्रीम या ऊपरी वायु धारायें सामान्यत: निम्न में से किस ऊँचाई पर बहती हैं ?

(A) समुद्र तल से 6,000 मीटर ऊपर (B) समुद्र तल से 8,000 मीटर ऊपर


(C) समुद्र तल से 10,000 मीटर ऊपर (D) समुद्र तल से 12,000 मीटर ऊपर

8. In the given outline map of India, identify the Mountain peak marked as 'A'. 1

(A) Kanchenjanga (B) Mt. Everest (C) Nanda Devi (D) Nanga Parvat

दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर चिह्नित 'A' पर्वत शिखर की पहचान कीजिए।

(A) कंचनजंगा (B) माउंट ऐवरेस्ट (C) नन्दा देवी (D) नांगा पर्वत



For Visually Impaired

Which one of the following mountain ranges run parallel to the Bay of Bengal ?

(A) Satpura Range (B) Aravalli Range

(C) Eastern Ghats (D) Western Ghats

निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वत श्रृंखला बंगाल की खाड़ी के समांतर चलती है ?

(A) सतपुरा पर्वत श्रृंखला (B) अरावली पर्वत श्रृंखला

(C) पूर्वी घाट (D) पश्चिमी घाट

9. On the given outline map, identify two rivers flowing Eastwards of Eastern Ghats : 1


(A) Mahanadi and Krishna (B) Brahmaputra and Hugli

(C) Son and Kosi (D) Narmada and Tapti

दिए गए रेखा मानचित्र में पूर्वी घाट के पूरब की ओर बहने वाली दो नदियों का नाम पहचानिए।

(A) महानदी और कृष्णा (B) ब्रह्मपुत्र और हूग्ली

(C) सोन और कोसी (D) नर्मदा और ताप्ती



For visually impaired candidates.

Which of the following is a Westward flowing river ?

(A) Mahi (B) Narmada (C) Ganga (D) Yamuna

निम्नलिखित में से कौन-सी नदी पश्चिम की ओर बहती है ?

(A) माही (B) नर्मदा (C) गंगा (D) यमुना

10. On the given outline map of India identify the hill of the Peninsular plateau marked as 'A'. 1


(A) Anamalai Hills (B) Mahendragiri Hills

(C) Kollimalai Hills (D) Satmala Hills

भारत के दिए गए रेखा मानचित्र में प्रायद्वीपीय पठार की 'A' से चिह्नित पहाड़ी की पहचान कीजिए।

(A) अन्नामालाई की पहाड़ियाँ (B) महेन्द्रगिरी की पहाड़ियाँ

(C) कोल्लीमालाई की पहाड़ियाँ (D) सतमाला की पहाड़ियाँ



For Visually Impaired candidates

Which one of the following plateaus is a part of Central Highlands ?

(A) Tibet Plateau (B) Deccan Plateau

(C) Malwa Plateau (D) Satpura Plateau

निम्नलिखित में से कौन-सा पठार सेंट्रल हाइलैंडस का हिस्सा है ?

(A) तिब्बत का पठार (B) दक्कन पठार

(C) मालवा पठार (D) सतपुरा पठार

11. On the given outline map of India, identify the mountain range marked as 'M'. **1**


(A) Shiwalik Range (B) Aravalli Range

(C) Gir Range (D) Satpura Range

भारत के दिए गए रेखा मानचित्र में अंकित 'M' पर्वत श्रृंखला की पहचान कीजिए।

(A) शिवालिक श्रृंखला (B) अरावली श्रृंखला

(C) गिर श्रृंखला (D) सतपुरा श्रृंखला



Note : The following question is only for the **visually impaired candidates** in lieu of Q.11

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परिक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 11 के स्थान पर है।

Which of the following is the mountain range of Rajasthan and near about area ?

(A) Shiwalik Range (B) Aravalli Range (C) Gir Range (D) Satpura Range

निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वत श्रृंखला राजस्थान और उसके निकटवर्ती क्षेत्र की है ?

(A) शिवालिक श्रृंखला (B) अरावली श्रृंखला (C) गिर श्रृंखला (D) सतपुरा श्रृंखला

12. What a right means to a person ? Select the right term from below : 1

(A) Claim (B) Authority (C) Property (D) Liberty

एक अधिकार का एक व्यक्ति के लिये क्या अर्थ होता है ? निम्नलिखित शब्दों में से उचित शब्द का चयन कीजिये।

(A) दावा (B) सत्ता (C) संपत्ति (D) स्वतंत्रता

OR / अथवा

What a duty means to someone ? Select the right term from below :

(A) Empowered (B) Required (C) Acquired (D) Desired

किसी व्यक्ति के लिये कर्तव्य का क्या अर्थ होता है ? निम्नलिखित शब्दों में से उचित शब्द का चयन कीजिये।

(A) अधिकार पाया हुआ (B) जो आवश्यक हो (C) पाया हुआ (D) चाहा हुआ

13. The Fundamental Rights are : 1

(A) Justifiable (B) Justiciable (C) Liable (D) Fallible

मूलभूत अधिकार है :

(A) समर्थनीय (B) न्याय के योग्य (C) उत्तरदाई (D) दोषसक्षम

OR / अथवा

In which of the following years 'The Right to Education' was added by introducing a new Article 21A in the Chapter of Fundamental Rights by 86th Constitutional Amendment ?

(A) 2000 (B) 2001 (C) 2002 (D) 2003

'शिक्षा का अधिकार' 86 वें संवैधानिक संशोधन के द्वारा मूलाधिकारों के अध्याय में एक नया अनुच्छेद 21A के रूप में निम्नलिखित में से किस वर्ष में जोड़ा गया था ?

(A) 2000 (B) 2001 (C) 2002 (D) 2003

14. Appointment of Advocate General comes under which powers of a Governor of an Indian State ? 1

(A) Executive powers (B) Legislative powers

(C) Financial powers (D) Discretionary powers

एक भारतीय राज्य के राज्यपाल द्वारा एडवोकेट जनरल की नियुक्ति उसकी किन शक्तियों के अंतर्गत की जाती है ?

(A) कार्यकारी शक्तियाँ (B) विधाई शक्तियाँ

(C) वित्तीय शक्तियाँ (D) विवेकाधीन शक्तियाँ

OR / अथवा

Appointment of members of State Finance Commission comes under which powers of a Governor of an Indian State ?

(A) Legislative powers (B) Financial powers

(C) Discretionary powers (D) Executive powers

एक भारतीय राज्य के राज्यपाल द्वारा राज्य के वित्तीय आयोग के सदस्यों की नियुक्ति उसकी किन शक्तियों के अंतर्गत की जाती है ?

(A) विधाई शक्तियाँ (B) वित्तीय शक्तियाँ

(C) विवेकाधीन शक्तियाँ (D) कार्यकारी शक्तियाँ

15. Who presides over the meetings of Lok Sabha ? 1

(A) President of India (B) Speaker

(C) Deputy Chairman (D) Vice President of India

लोकसभा की बैठकों की अध्यक्षता कौन करता है ?

(A) भारत के राष्ट्रपति (B) स्पीकर

(C) उपसभापति (D) भारत के उपराष्ट्रपति

16. Who said, "Democracy is a Government, Of the people, For the people and By the people" ? 1

(A) Abraham Lincoln (B) Mahatma Gandhi

(C) Leo Tolstoy (D) Subhash Chandra Bose

''लोकतन्त्र जनता की, जनता के लिये, जनता की सरकार है।'' किसने कहा था ?

(A) अब्राहम लिंकन (B) महात्मा गांधी

(C) लियो टालस्टोय (D) सुभाष चंद्र बोस

17. Which of the following is **not** a must for a Democracy ? 1

(A) Participation of the people (B) Compulsory Military Service

(C) People's Satisfaction (D) Political and Social Equality

निम्नलिखित में से लोकतन्त्र के लिये क्या आवश्यक **नहीं** है ?

(A) जनभागीदारी (B) अनिवार्य सैनिक सेवा

(C) जनता की संतुष्टि (D) राजनीतिक तथा सामाजिक समानता

18. Consider the following : 1

निम्न पर विचार करें :

(i)	Gross Domestic Product सकल घरेलू उत्पाद	(ii)	Life Expectancy जीवन प्रत्याशा
(iii)	Literacy साक्षरता	(iv)	Levels of Employment रोजगार के स्तर

The indicators written above are used to measure which type of underwritten development ?

(A) Human development (B) Socio-economic development

(C) Social development (D) Economic development

ऊपर लिखे हुये संकेतक किस निम्नलिखित विकास के प्रकार के मापन में प्रयुक्त होते हैं ?

(A) मानव विकास (B) सामाजिक तथा आर्थिक विकास

(C) सामाजिक विकास (D) आर्थिक विकास

19. Which one of the following countries was a main participant in the First and Second World Wars ? 1

(A) Austria (B) Turkey (C) Germany (D) Denmark

निम्नलिखित में से कौन-सा देश प्रथम और द्वितिय विश्वयुद्ध में मुख्य प्रतिभागी था ?

(A) आस्ट्रिया (B) तुर्की (C) जर्मनी (D) डेनमार्क

20. Consider the following : **1**

निम्न पर विचार करें :

(i)	Freedom from military dangers सैन्य खतरों से स्वतंत्रता	(ii)	Freedom from hunger भूख से स्वतंत्रता
(iii)	Freedom from armed conflicts सशस्त्र झगड़ों से स्वतंत्रता	(iv)	Freedom from environmental degradation पर्यावरणीय क्षय से स्वतंत्रता

Which of the above written freedoms are new understandings of 'security' ?

(A) (i) and (ii) (B) (i) and (iii) (C) (i) and (iv) (D) (ii) and (iv)

ऊपर लिखी हुयी से स्वतंत्रताओं में कौन-सी 'सुरक्षा' की नयी समझ है ?

(A) (i) और (ii) (B) (i) और (iii) (C) (i) और (iv) (D) (ii) और (iv)

21. Fill in the blanks : **2**

खाली स्थान भरो :

The spirit of _____ also found expression in the field of art and literature. The greatest achievements of renaissance artists were in the field of _____.

_____ की धारणा को कला और साहित्य के क्षेत्र में भी अभिव्यक्ति मिली। पुनर्जागरण कलाकारों की सबसे बड़ी उपलब्धियाँ _____ के क्षेत्र में थी।

OR / अथवा

The spirit of _____ also marks the rise of Nationalism in Europe. People now began to free themselves of medieval _____ restrictions and bonds.

_____ की भवना यूरोप में राष्ट्रवाद की भावना के उदय को भी परिलक्षित करती है। लोगों ने अब स्वयं को मध्यकालीन _____ प्रतिबन्धों तथा बंधनों से मुक्त करना प्रारंभ कर दिया था।

22. Answer **any two** questions. **2**

1. Why did Europeans discover new lands during Renaissance Period ?
2. Why did Europeans want to trade with East during Industrial Revolution ?
3. Why did Europeans search direct trade routes for East during Industrial Revolution ?

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

1. पुनर्जागरण के दौरान यूरोपीय लोगों ने नयी भूमियों की खोज क्यों की ?
2. औद्योगिक क्रांति के दौरान यूरोपीय लोग पूर्व के साथ व्यापार क्यों करना चाहते थे ?
3. औद्योगिक क्रांति के दौरान यूरोपीय लोग पूर्व के लिये सीधे व्यापारिक रास्ते क्यों खोज रहे थे ?

23. Answer **any two** questions. **2**

1. Why is the Revolution in Britain referred to as the Glorious Revolution ?
2. Why did the King James II of England have to leave his throne ?
3. Why did King James II lose support of his countrymen ?

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

1. ब्रिटेन की क्रान्ति को गौरवपूर्ण क्रान्ति क्यों कहा जाता है ?
2. इंग्लैंड के राजा जेम्स द्वितीय को अपना सिंहासन क्यों छोड़ना पड़ा था ?
3. राजा जेम्स द्वितीय ने अपने देशवासियों का समर्थन क्यों खो दिया था ?

24. (a) Why did Raja Ram Mohan Roy oppose Sati Pratha ? **2**

(b) Why did Swami Dayanand Saraswati founded Arya Samaj ?

(a) राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा का विरोध क्यों किया था ?

(b) स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना क्यों की थी ?

25. Fill in the blanks : **2**

खाली स्थान भरिये :

The struggle for _____ was carried by Subhash Chandra Bose from Abroad. He found that outbreak of _____ to be a convenient opportunity to smite the blow for freedom of India.

सुभाष चन्द्र बोस द्वारा विदेश से _____ के लिये संघर्ष को चलाया गया। उन्होंने _____ की शुरुआत को भारत की स्वतंत्रता के लिये अंग्रेजों पर चोट करने का एक सुविधाजनक अवसर पाया।

OR / अथवा

Netaji gave a famous battle cry _____; he promised independence to Indians saying, 'tum mujhe khoon do main tumhe ajadi dunga'. In March 1944, the _____; was hoisted at Kohima.

नेताजी ने प्रसिद्ध युद्धघोष _____ दिया। उन्होंने भारतीयों से स्वतंत्रता का वादा यह कहते हुये किया कि ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा।'' मार्च 1944 में कोहिमा में _____ फहराया गया।

26. Why did India has good trade relations with many countries across the sea ? **2**

भारत के समुद्र पार के देशों से अच्छे व्यापारिक संबंध क्यों रहे हैं ?

OR / अथवा

Why are the mountain passes important ?

पहाड़ी दर्रे क्यों महत्वपूर्ण हैं ?

27. Why does Meghalaya receive more than 200 cm of rainfall per year ? **2**

मेघालय में प्रतिवर्ष 200 सेमी से अधिक वर्षा क्यों होती है ?

OR / अथवा

Why does Rajasthan receive less than 60 cm of rainfall per year ?

राजस्थान में प्रतिवर्ष 60 सेमी से कम वर्षा क्यों होती है ?

28. Fill in the blanks : **2**

Border roads are constructed along the _____ areas of the country for easy accessibility of goods and other requirements of _____ personnel during the time of war and emergency and for the benefit of the people living in those areas.

खाली स्थान भरिये :

देश के _____ क्षेत्रों में सीमा सड़क का निर्माण और आपातकाल के समय _____ की जरूरत तथा अन्य सामान का परिवहन आसान करने के लिये होता है। इसके अलावा वहाँ रहने वाले लोगों को भी लाभ पहुँचता है।

29. Mention any two advantages of Railways. 2
रेलवे के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए।

30. Fill in the blanks : 2
The Chief Minister advises the Governor on the appointment of the _____ of Ministers and allocates _____ to them.
खाली स्थान भरिये :
मंत्रि _____ की नियुक्ति तथा मंत्रि परिषद के सदस्यों के बीच _____ के आबंटन के लिये राज्यपाल को सलाह देता है।

31. Fill in the blanks : 2
The President is indirectly elected by an _____ which consists of the elected members of both the houses of _____ as well as State Legislative Assemblies.
खाली स्थान भरिये :
राष्ट्रपति का चुनाव एक _____ द्वारा किया जाता है जिसमें _____ के दोनों सदनों के निर्वाचित सांसद तथा सभी राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य होते हैं।

32. Explain any two powers of President of India. 2
भारत के राष्ट्रपति की किन्हीं दो शक्तियों की व्याख्या कीजिए।

33. Fill in the blanks : 2
The _____ issues the Proclamation of Emergency only when decision of the Union Cabinet to that effect is communicated to her/him in _____.
खाली स्थान भरिये :
_____ आपातकाल की घोषणा केवल तब करता है जब उसे केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल का निर्णय _____ में भेजा जाता है।

34. Answer in one or two words : 2
Name the group as per definitions given below :
(1) Organized group of the people which seeks to promote their specific motives.
(2) A group which exerts influence/pressure in strong determined way to produce particular result.
एक या दो शब्दों में उत्तर दीजिये :
नीचे दी गयी परिभाषा के अनुसार समूह का नाम लिखिये।
(1) लोगों का एक संगठित समूह जो अपने विशिष्ट हितों की पूर्ति करना चाहता हो।
(2) लोगों का एक समूह जो किसी विशिष्ट परिणाम की प्राप्ति हेतु दृढ़ता से दबाव बनाये।

35. Fill in the blanks : 2
Peace and _____ are inseparable. Combined together, it is a condition where individuals, institutions, regions, nations and the _____ move ahead without any threat.
खाली स्थान भरिये :
शान्ति और _____ अविभाज्य हैं। साथ-साथ देखने से यह पता चलता है कि यह वह स्थिति है जहाँ व्यक्ति, संस्थायें, क्षेत्र, राष्ट्र और _____ बिना खतरे के एक साथ आगे बढ़ते हैं।

SECTION - B / खंड - ब

36. Write two events which marked the beginning of the Modern Age. **2**
आधुनिक युग का प्रारम्भ दर्शाने वाली दो घटनायें लिखिये।

37. Why did British invest for improvement in transport in India ? Give two reasons. **2**
भारत में परिवहन के सुधार के लिये अंग्रेजों ने निवेश क्यों किया था ? दो कारण बताइये।

OR / अथवा

Why did British create a class of English educated in India ? Give two reasons.
भारत में अंग्रेजों ने एक अंग्रेजी पढ़े लिखे शिक्षित समाज का सृजन क्यों किया था ? दो कारण बताइये।

38. Describe the importance of human rights in Indian Constitution. **2**
भारतीय संविधान में मानव अधिकारों के महत्व का वर्णन कीजिये।

OR / अथवा

Describe any two Fundamental Duties.
किन्हीं दो मौलिक कर्तव्यों का वर्णन कीजिये।

39. Explain any two qualifications of a Governor of an Indian State. **2**
एक भारतीय राज्य के राज्यपाल की किन्हीं दो योग्यताओं की व्याख्या कीजिये।

OR / अथवा

Explain any two powers of Chief Minister of a State.
राज्य के मुख्य मंत्री की किन्हीं दो शक्तियों की व्याख्या कीजिये।

40. Explain the number of judges including Chief Justice in Supreme Court of India. **2**
भारत के सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या की व्याख्या कीजिये।

41. How do Political Parties help in running democratic processes ? **2**
राजनीतिक दल किस प्रकार लोकतान्त्रिक प्रक्रियाओं को चलाने में सहायता करते हैं ?

42. Describe the condition of Italy on the eve of Renaissance in 14^{th} century. **3**
14वीं शताब्दी में पुनर्जागरण की पूर्वसन्ध्या पर इटली की दशा का वर्णन कीजिये।

43. Describe the rise of Germany as a potent rival of England before the First World War. **3**
प्रथम विश्व युद्ध से पूर्व जर्मनी का इंग्लैंड के प्रबल प्रतिद्वन्दी के रूप में उदय का वर्णन कीजिये।

44. Explain the causes for early resistance movements against British rule in India before the Revolt of 1857. **3**
1857 के विद्रोह से पूर्व भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध प्रारम्भिक प्रतिरोध आन्दोलनों की व्याख्या कीजिये।

OR / अथवा

Explain the causes for the revolt of Poligars of Madras.
मद्रास के पोलीगारों के विद्रोह के कारणों की व्याख्या कीजिये।

45. Examine the significance of Vande Matram in nationalist movement of India. **3**
भारत के स्वतंत्रता संग्राम में वन्दे मातरम के महत्व का परीक्षण कीजिये।

OR / अथवा

How did the regional organizations convert into national organization during Colonial India ?
औपनिवेशिक भारत के दौरान क्षेत्रिय संगठन राष्ट्रीय संगठनों में किस प्रकार परिवर्तित हुए ?

46. Analyse any three aspects of village roads. **3**
ग्रामीण सड़कों के किन्हीं तीन पहलुओं का विश्लेषण कीजिए।

47. Explain any three steps of Indian Government for the Women Empowerment. **3**
भारतीय सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए उठाए गए किन्हीं तीन कदमों की व्याख्या कीजिए।

OR / अथवा

Explain the need for Sustainable Development.
सतत विकास की आवश्यकता की व्याख्या कीजिए।

48. Following four places related with transportation facilities in India are marked as (A), (B), (C) and (D) on the given outline map of India. Identify these places with the help of the following information and write their correct names : **4**

(A) An International Airport in India (B) A port
(C) A city on Golden Quadrilateral (D) A city on North South corridor

भारत के दिये हुये मानचित्र में (A), (B), (C) और (D) चार परिवहन सुविधाओं से संबंधित चार स्थान दिये गये हैं। इनको निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पहचानिये तथा इनके सही नाम लिखिये :

(A) भारत का एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (B) एक बंदरगाह
(C) स्वर्णिम चतुर्भुज का एक नगर (D) उत्तर दक्षिण गलियारे पर एक नगर

Note : This question is for **visually impaired candidates** only, in lieu of Q. No. 48.
(A) Name one international airport in Punjab
(B) Name one port in Kerala
(C) Name Northernmost city on Golden Quadrilateral
(D) Name Southernmost city on North South corridor

नोट : यह प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परिक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 48 के स्थान पर है।
(A) पंजाब के एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम लिखो
(B) केरल के एक बंदरगाह का नाम लिखो
(C) स्वर्णिम चतुर्भुज के सबसे उत्तरी नगर का नाम लिखो
(D) उत्तर दक्षिण गलियारे पर सबसे दक्षिणी नगर

49. On the given outline map of India locate and label the following : **4**
(A) River Kaveri
(B) Cardamom Hills
(C) Area of Gujarat receiving less than 60 cm rainfall per annum
(D) Chhota Nagpur Plateau

भारत के दिये गये मानचित्र पर निम्न को पहचानिये तथा नाम लिखिये :
(A) कावेरी नदी
(B) कार्डामम पर्वत श्रेणी
(C) गुजरात का प्रतिवर्ष 60 सेमी से कम वर्षा वाला क्षेत्र
(D) छोटा नागपुर पठार

Question for visually impaired.
Write any four features of Eastern Ghats.
पूर्वी तट की चार विशेषतायें लिखिये।

50. Explain the powers of Supreme Court of India. **6**
सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों की व्याख्या कीजिये।

OR / अथवा

Explain the powers of Prime Minister of India.
भारत के प्रधानमंत्री की शक्तियों की व्याख्या कीजिये।

51. Explain the role of United Nations Organisation. **6**
संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका की व्याख्या कीजिए।


OR / अथवा

Explain the role of Non-Alignment Movement.
गुट निरपेक्ष आंदोलन की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

- o 0 o -

Map for Q. No. 48


Roll No.
अनुक्रमांक



BLANK PAGE

Map for Q. No. 49

Roll No.
अनुक्रमांक



BLANK PAGE